रोम रोम तेरा नाम पुकारे

(रोम रोम तेरा नाम पुकारे,
एक हुए दिन, रैन हमारे,
हमसे हम ही छिन गए हैं,
जब से देखे नैन तिहारे,
कृष्णा.....)

तेरी काली अंखियों के दर्शन पाके,
धड़कन से तेज दौडू सपनों से आगे,
अब जान मिट जाए, ये जहां छूट जाए,
संग प्रेम रहे, मैं रहूं ना रहूं,
कृष्णा,,,, हरे कृष्णा,,,
दिन रैन कहूं, नहीं चैन करूं,
कृष्णा,,,, हरे कृष्णा,,,,

मोहना... आस लेके दर पे खड़े,
सांवरा... दर्शन की प्यास बढ़े,
ऐसी मस्ती है छाई.. तुझे नमन करूं,
सुध बुध बिसराई... तेरा ध्यान धरूं,
ऐसी मस्ती है छाई.. सुध बुध बिसराई,
मेरा तन मन अंग सब बोले,
अब जान मिट जाए, ये जहां छूट जाए,
संग प्रेम रहे, मैं रहूं ना रहूं,
कृष्णा,,,, हरे कृष्णा,,,
दिन रैन कहूं, नहीं चैन करूं,
कृष्णा,,,, हरे कृष्णा,,,,

मोहना.. तुझमें जो दिल खो गया,
सांवरा... मुझे तेरा दर मिल गया,
दर छोड़ ना जाऊं.. तुझे नमन करूं,
कहीं और ना जाऊं, तुझे नमन करूं,
दर छोड़ ना जाऊं.. कहीं और ना जाऊं,
मेरी डोर है तेरे हवाले,
अब जान मिट जाए, ये जहां छूट जाए,
संग प्रेम रहे, मैं रहूं ना रहूं,
कृष्णा,,,, हरे कृष्णा,,,
दिन रैन कहूं, नहीं चैन करूं,
कृष्णा,,,, हरे कृष्णा,,,,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25204/title/rom-rom-tera-naam-pukare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |